अध्याय 13

सबसे उत्तम मार्ग

12:31 में एक "सबसे उत्तम मार्ग" की ओर संकेत करने के बाद पौलुस ने बाइबल के सबसे अधिक मनोहर और गहन भागों में से एक का आरम्भ किया। वह विभिन्न प्रकार के चमत्कारी वरदानों पर चर्चा कर रहा था। अधिक प्रत्यक्ष वरदानों के लिए सांसारिक-सोच की प्रतियोगिताएं कलीसिया में फूट का कारण बन गईं थीं, और पौलुस उन योगदानों पर ज़ोर दे रहा था जो आत्मिक वरदानों के द्वारा देह की एकता पर पड़ने चाहिए थे। एक क्षण के लिए, उसने कुरिन्थियों के लिए परिचित प्रभावशाली वरदानों को किनारे रखा और प्रेम की बात की, एक ऐसा लक्ष्ण जिसे आत्मा की किसी अलौकिक दान की आवश्यकता नहीं थी। जिस प्रेम के विषय में उसने लिखा वह एक गर्म अनुभव नहीं है जो एक क्षण में आकर चला जाता है। यह एक स्थाई स्वभाव है जो एक निर्णय से आरम्भ होता है और कार्यों के साथ समाप्त होता है।

मसीही जीवन में बाइबल के द्वारा प्रेम की प्रधानता के विषय में दिए गए इस सर्वोच्च कथन का पौलुस की देह में विविधता में एकता की चर्चा से अलग विषय नहीं है। जब शांति और प्रेम कलीसिया में प्रभुता करता है, तो इसकी मात्रा अंगो से बड़ी होती है, तो लोग यह सोचते हैं कि वे इसका दावा करने के लिए गम्भीर बन रहे हैं। यह कहना अधिक सटीक होगा कि प्रत्येक के वरदान तब बढ़ते हैं जब व्यक्तिगत मसीही एक दूसरे से प्रेम और सहायता करते हैं। व्यक्तिगत मसीहियों के लिए सम्पूर्ण इकाई में योगदान देने के लिए तब अधिक होता है जब वे संगी विश्वासियों को सहायता देतें है या लेते हैं, परन्तु सम्पूर्ण इकाई कभी भी उसके अंगो से मात्रा में अधिक नहीं हो सकती।

प्रेम की प्रधानता के लिए पौलुस की गवाही सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र में पर्याप्त समर्थन प्राप्त करती है। जब उससे मूसा की आज्ञाओं में से सबसे बड़ी आज्ञा के विषय में बताने के लिए कहा गया तो, यीशु ने तुरन्त उत्तर दिया। यद्यपि मध्यकालीन यहूदी विद्वान् मेमनाइड्स (1135-1204) ने व्यवस्था में 613 आज्ञाओं की पहचान की[1]; यीशु ने उन्हें दो में संक्षिप्त कर दिया:

> सब आज्ञाओं में से यह मुख्य है: "हे इस्राएल सुन! प्रभु हमारा परमेश्वर एक ही प्रभु है, और तू प्रभु अपने परमेश्वर से अपने सारे मन से, और अपने सारे प्राण से, और अपनी सारी बुद्धि से, और अपनी सारी शक्ति से प्रेम रखना। और दूसरी यह है, 'तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखना। इससे बड़ी और

कोई आज्ञा नहीं।" (मरकुस 12:29-31)।

प्रेम एक विवश करने वाला बल है जो मसीहियों को प्रोत्साहित करता है कि वे दूसरों को परमेश्वर के अनुग्रह और पापों से उद्धार के विषय में बताएं जो सबके लिए उपलब्ध है क्योंकि इसे मेमने के लहू के द्वारा खरीदा गया था। पौलुस ने कुरिन्थियों को एक पत्र में लिखा, "क्योंकि मसीह का प्रेम हमें विवश कर देता है; इसलिए कि हम यह समझते हैं कि जब एक सब के लिए मरा तो सब मर गए" (2 कुरिन्थियों 5:14; NRSV)।

"प्रेम", "विश्वास," और "अनुग्रह" जैसे शब्द उन लोगों के लिए मूल सिद्धांतों की पहचान करते हैं जो यीशु का मसीह के रूप में अंगीकार करते हैं। राजनैतिक क्षेत्रों में मुख्य शब्द होंगे "देशभक्ति," "स्वतन्त्रता," और "परिवार"। इन शब्दों के साथ समस्या यह है कि ये इतने लचीले बन सकते हैं कि इनका कोई ठोस अर्थ नहीं रहता। जब एक शब्द अत्यधिक सम्मिलित होता है, तो सबके के लिए इसके किसी अर्थ का न होना आरम्भ हो जाता है।

मसीह की कलीसिया, इसके लम्बे इतिहास में, इस प्रकार के विचारों को प्रेम, विश्वास, और अनुग्रह की परिभाषा के रूप में सोख चुकी है। एक शब्द की परिभाषा देना इसे सीमित कर देना है और यह ज़ोर देना है कि सभी बातें उस शब्द के द्वारा परिचित होने के योग्य नहीं हैं। सिद्धांतों के द्वारा किसी का भी मार्गदर्शन उन सिद्धांतो के विषय में समझ के बिना नहीं किया जा सकता। इब्रानियों के लेखक ने "विश्वास" को शब्दों में रखने के लिए उदाहरण का उपयोग किया (इब्रानियों 11)। मसीही लोग पौलुस के 1 कुरिन्थियों 13 में "प्रेम" को निराकर स्तर से व्यवहार के ठोस क्षेत्र में लाने के प्रति आभारी हो सकते हैं।

प्रेम का महत्व (13:1-3)

[1]यदि मैं मनुष्यों और स्वर्गदूतों की बोलियाँ बोलूँ और प्रेम न रखूँ, तो मैं ठनठनाता हुआ पीतल, और झंझनाती हुई झाँझ हूँ। [2]और यदि मैं भविष्यद्वाणी कर सकूँ, और सब भेदों और सब प्रकार के ज्ञान को समझूँ, और मुझे यहाँ तक पूरा विश्वास हो कि मैं पहाड़ों को हटा दूँ, परन्तु प्रेम न रखूँ, तो मैं कुछ भी नहीं। [3]यदि मैं अपनी सम्पूर्ण संपत्ति कंगालों को खिला दूँ, या अपनी देह जलाने के लिए दे दूँ, और प्रेम न रखूँ, तो मुझे कुछ भी लाभ नहीं।

आत्मा ने पौलुस के पाठकों को विभिन्न प्रकार के वरदान दिए थे; परन्तु प्रेरित ने अनिवार्य रूप से यह कहा कि प्रेम के बिना ये केवल शोर ही थे (13:1)। हम ये कल्पना कर सकते हैं कि पौलुस ने कुरिन्थियों पर हाथ रखे थे और आत्मा ने उन्हें असाधारण शक्तियाँ और आत्मिक वरदान दिए थे। प्रेरित के कार्य में उन मसीहियों को आलौकिक वरदान सौंपना भी सम्मिलत था जिनके पास अगुवाई की क्षमता थी, और हाथों का रखा जाना इस प्रकार के हस्तांतरण का बाहरी चिन्ह था (प्रेरितों 8:14-17; देखें 2 कुरिन्थियों 12:12)। चूंकि वे उन शक्तियों

का अपनी इच्छा से उपयोग करने में सक्षम थे, तो कुछ मसीही प्रत्यक्ष रूप से उनका अपने स्वयं के लाभ के लिए उपयोग कर रहे थे।

केवल कुरिन्थ के सबंध के अलावा पौलुस के पत्रों में कहीं भी अन्यभाषाओं पर चर्चा नहीं हुई है। उनका प्रेरितों के काम में तीन बार वर्णन किया गया है (2:4-8; 10:46; 19:6)। मसीही प्रतिभाओं की अन्य सूचियों में भाषाओं का वरदान कहीं भी प्रकट नहीं होता (रोमियों 12:4-8; इफिसियों 4:11-13; 1 पतरस 4:10, 11)। नए नियम में अन्य भाषाओँ में बोलना दुर्लभ है। कुछ लोग "भाषाओँ" को पुनः परिभाषित करना चाहते हैं और इस वरदान को भावनाओं में बहकर की जाने वाली बड़बड़ाहट से इसकी तुलना करना चाहते हैं, जिसे वे "करिश्माई उच्चारण" कहते हैं। वे भाषाओँ में बोलने को वर्तमान के सामूहिक आराधना के परम अनुभव के समान ही हस्तांतरित करने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार की भाषाओँ में बोलने का नए नियम में कोई आधार नहीं है।

कुरिन्थ की कलीसिया में कुछ लोगों को अलौकिक तौर पर भाषाओं में बोलने का वरदान दिया गया था उन्होंने इसे सामान्य तरीकों से नहीं सीखा था। यूनानी-रोमी सन्सार में चमत्कारी घटनाओं के दावे शायद ही दुर्लभ हैं, परन्तु पौलुस अपने व्यवहार और मसीहियों के व्यवहार में अन्यजाति समाज की किसी भी तुलनात्मक प्रथा के प्रति भेद करने में सावधान था। यद्यपि उसके और अन्य मुसाफिर दार्शनिकों के बीच में कुछ समानताएं प्रतीत हुई होंगी जिन्हें यूनानी बाज़ारों में सामान्य तौर पर देखा जा सकता था, प्रेरित ने यह स्पष्ट किया कि वह इन ढोंगियों के चरित्र के समान चरित्र का नहीं था (1 कुरिन्थियों 9:15; 2 कुरिन्थियों 12:13, 14; 1 थिस्सलुनीकियों 2:9)। यूनान के कुछ पंथों में एक प्रकार की भावनात्मक तौर पर प्रेरित, यांत्रिक, अर्थहीन बकवास के लक्षण थे। कुछ लोगों ने कुरिन्थियों के अन्यभाषाओं में बोलने की तुलना इन पंथों के अभ्यास से की थी।[2] पौलुस ने यूनानी भविष्यद्वाणियों के लिए बोले जाने वाले सामान्य भाषणों को, उन मसीहियों के द्वारा बोले जाने वाली भाषाओँ से संरचना और कार्य में भिन्न होने के रूप में स्वीकार किया जिनके पास भाषाओँ का वरदान था।

भाषाओँ में बोलने के विपरीत, यूनानी शब्द ἀγάπη (*अगापे*, "प्रेम") ने एक ऐसे विचार का वर्णन किया जिसका विकास कलीसिया में हुआ था और प्रथम शताब्दी के यूनानी-रोमी सन्सार में उसके सदृश कोई नहीं था। इसने यह समझाया कि कोई व्यक्ति स्वयं को दूसरे के स्थान पर रखकर दूसरे की भलाई के लिए कार्य कर सकता था। मसीही अन्य लोगों की योग्यता को परखे बिना या दूसरे व्यक्ति से बदले में कुछ मांगे बिना अनुग्रहपूर्ण कार्यों में प्रेम प्रदान करते हैं। इस प्रकार के प्रेम का श्रोत उस व्यक्ति के हृदय में होता है जो प्रेम देता है, यह उसके गुणों में नहीं होता जो प्रेम ग्रहण करता है। यह इस प्रकार का प्रेम है जैसा परमेश्वर ने हमारे लिए एक उद्धारकर्ता को भेजकर दिखाया, और यही वह गुण है जिसका प्रदर्शन यीशु ने क्रूस पर किया।

यद्यपि कुरिन्थ के मसीही अन्यभाषाएँ बोलने में अति प्रतिष्ठित स्तरों से

ऊपर उठ चुके थे, पौलुस ने उनके आंकलनों का सावधानीपूर्वक संबोधन किया। यहाँ तक कि उसने कहा, यदि कोई "मनुष्यों और स्वर्गदूतों की बोली" भी बोल सकता हो (13:1), यह प्रेम के बिना बेकार की बकवास होगी। प्रेम एक स्वभाविक वरदान है जिसे सभी के द्वारा उपजाया जा सकता है। प्रेरित का "दूतों ... कि बोलियाँ" से क्या अर्थ था यह अनिश्चित है, परन्तु हो सकता है उसकी मंशा इसे केवल उन ध्वनियों के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण अभिव्यक्ति के रूप में उपयोग करने की हो सकती है जिनकी कल्पना कोई अति सुंदर रूप में करेगा।

प्रेरित 13:1-3 में प्रथम पुरुष सर्वनाम "मैं" का उपयोग करने की ओर चल दिया। किसी अवसर पर इसकी आवश्यकता पड़ने पर वह स्वयं अन्यभाषा में बोला,[3] परन्तु उसे इस बात का एहसास था कि यह वरदान प्रेम के अधीन था।

आयत 1. प्रेम की अनुपस्थिति में, अन्याभाषाओँ का अति निर्मल प्रदर्शन उस शोर के समान था जो किसी **ठनठनाते हुए पीतल और झनझनाती हुई झाँझ** के द्वारा किया जाता है। कलीसिया की एकता, सद्भाव और भाईचारे का प्रेम तब खतरे में होते हैं जब मसीही, परमेश्वर और एक दूसरे से प्रेम करने में विफल हो जाते हैं। दूसरी शताब्दी के आरम्भ में, इग्नेसियस और अन्य लोगों ने एक कहावती अभिव्यक्ति को अपना लिया। उन्होंने आदर्श रूप से कहा कि मसीही और उनके अगुवे के साथ एक हार्प (दस तार वाला वाद्यन्त्र) के तारों के समान चलते थे।[4] अन्यभाषाओं का किसी की अपनी महिमा के लिए उपयोग केवल एक बेताल ध्वनि उत्पन्न कर सकता था।

जिस शब्द का अनुवाद "घंटे" में हुआ है वह χαλκός *(खाल्कोस)* है जिसका अधिक सम्भावित अर्थ तांबा या पीतल है। 146 ईसापूर्व में रोमी सेनाओं के द्वारा कुरिन्थ पर विजय प्राप्त करने के बाद, कुरिन्थ की पीतल से बनी हुई चित्रकारियां रोम में अति मूल्यवान हो गई थीं। यह असम्भव है कि पौलुस, नगर के लूटे जाने के दो सौ वर्षों के बाद इफिसुस से लिख रहा था, और रोम में कुरिन्थ के पीतल से बनी उस उत्तम चित्रकला को प्राप्त करने की होड़ का उल्लेख कर रहा था। इसके आगे, इस प्रकार के उल्लेख ने उसके कथन में थोड़ा सा अर्थ ही जोड़ा होता। एक और अधिक आधुनिक मत यह है कि पौलुस के मन में ध्वनि उत्पन्न करने वाले वे बर्तन थे जो पीतल से बनाए जाते थे और जिन्हें नाटकशालाओं की प्रस्तुति में ध्वनी के विस्तार के लिए इस्तेमाल किया जाता था।[5] यह मेल भी असम्भव प्रतीत होता है, चूंकि प्रेरित के मन में कुछ नकारात्मक प्रभाव था: तो वह ये कह रहा होगा कि प्रेम की अनुपस्थिति में बोली गईं भाषाओं ने इनके सुनने वालों को उससे अधिक लाभ नहीं दिया जो लाभ पीतल के ध्वनि उत्पन्न करने वाले बर्तनों ने अपने श्रोताओं को दिया था। अंत में, इसकी पारम्परिक व्याख्या सबसे उत्तम है: पौलुस का शोर मचाने वाला "घंटा" एक धातु का टुकड़ा था जिसका कोई संगीत-सम्बन्धी कार्य नहीं था, एक ऐसा टुकड़ा जो "झनझनाती हुई झाँझ" के समान था। एक हथौड़े की चोट से घंटा शोर उत्पन्न करता था, परन्तु इससे कोई लाभ नहीं था; इसी प्रकार, व्यक्तिगत महिमा के प्रदर्शन के रूप में बोली गईं भाषाओं ने मसीह की देह में कोई योगदान नहीं दिया।

आयत 2. जिस किसी ने भी एक वरदान का अभ्यास प्रेम के बिना किया वह **कुछ नहीं** था। इस अध्याय की पहली तीन आयतों में पौलुस ने पाँच बार एक परिकल्पित "यदि" (ἐάν, *ईन)* का उपयोग किया है। यह आश्चर्य की बात नहीं है, कि उसने पहले उपस्तिथ विषय पर ध्यान केन्द्रित किया: "यदि मैं मनुष्यों और स्वर्गदूतों की बोलियाँ बोलूँ ..."(13:1)। इसके बाद उसने आगे कहा, **यदि मैं भविष्यद्वाणी कर सकूं ... और मुझे यहाँ तक कि पूरा विश्वास हो ...** उसने आगे कहा, "यदि मैं अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति कंगालों को खिला दूँ, और अपनी देह जलाने के लिए दे दूँ ..." इस प्रकार के सभी कार्य उन लोगों के लिए अति आदरणीय थे जो मसीह को जानते थे; फिर भी पौलुस ने तर्क दिया कि ये सभी कार्य प्रेम के बिना व्यर्थ हैं। प्रेम की अनुपस्थिति में एक मसीही ऐसा कोई कार्य नहीं कर सकता जो मसीह को ऊँचा करे या उसके राज्य का निर्माण करे। पौलुस ने कहा, बड़े-बड़े वरदानों की धुन में रहो (12:31), परन्तु वह चाहता था कि भाई इन वरदानों को दृष्टिकोण में रखें।

भविष्यद्वाणी का वरदान शिक्षा के सदृश था, परन्तु एक भविष्यद्वक्ता परमेश्वर की ओर से अधिकार में होकर बोलता था। परमेश्वर भविष्यद्वक्ता के कथन का निर्देशन करता था (देखें 12:10)। भविष्यद्वाणी ने कलीसिया के निर्माण में भाषाओं की तुलना में अधिक इसलिए किया क्योंकि जो कोई भविष्यद्वाणी करता था वह "मनुष्यों से उन्नति और उपदेश और शान्ति की बातें" कहता था (14:3)। अनुवाद करने वाले के बिना एक परदेशी भाषा में दिए गए संदेश को कोई अर्थ नहीं होगा, परन्तु एक भविष्यद्वक्ता को परमेश्वर के द्वार महान सत्यों की घोषणा करने के लिए बुलाया गया था ताकि वे स्पष्ट तौर पर समझ सकें। इस प्रकार के अगुवे से मिला मार्गदर्शन "दूसरों को दृढ़ करता है, प्रोत्साहित करता है, और उन्हें शांति देता है" (NLT)।

भविष्यद्वाणी से, प्रेरित **भेदों** (μυστήρια, *मस्टेरिया)* की समझ की ओर गया। यह यूनानी धार्मिक सन्सार में एक महत्वपूर्ण शब्द था। इस प्रकार पंथों में जो डियोनीसस और डिमीटर को समर्पित थे उनमें युगों पुराने भेद के अनुष्ठान थे जो उन आरम्भ करने वालों के लिए अवश्यक थे जो देवताओं की गहरी बातों का अनुभव करना चाहते थे। आईसीस और साइबिल के समान पूर्वी पंथों के देवताओं के लिए भी भेदपूर्ण अनुष्ठान आवश्यक थे जिन्हें हाल में ही यूनानी सन्सार से परिचित कराया गया था। मसीह में भेदों पर से पर्दा उठाया गया है (इफिसियों 3:4-6, 9)। फिर भी, अन्यजातीय, यहूदी, या मसीही - समस्त भेदों का ज्ञान - प्रेम के मार्गदर्शन करने वाले हाथ के बिना कुछ भी नहीं होगा।

ज्ञान पौलुस के हृदय के निकट था। उसने कहा कि, "अन्य भाषा में दस हज़ार बातें कहने" की बजाए "वह बुद्धि से पाँच ही बातें कहेगा" (1 कुरिन्थियों 14:19)। उसकी बुद्धि और हृदय में, मसीही विश्वास ज्ञान पर आधारित है; परन्तु परमेश्वर और उसके लोगों के प्रेम से रहित, निरा ज्ञान कुछ नहीं है। किसी मसीही के लिए विश्वास से बढ़कर महत्वपूर्ण शायद कुछ नहीं है। विश्वास एक लम्बवत अवधारणा है; इसमें विश्वासी का परमेश्वर पर भरोसा और आशा

रखना शामिल है। यीशु ने यह कहने के लिए अलंकारिक भाषा का उपयोग किया था कि परमेश्वर पर विश्वास से अकल्पनीय बातें प्राप्त की जा सकती हैं (मत्ती 21:21)। प्रेम की अनुपस्तिथि में ज्ञान और विश्वास का दावा करना मसीह में जीवन का उपहास करना था।

आयत 3. पौलुस ने कहा कि सर्वोच्च मूल्य वाले चमत्कारी वरदान-भाषाएँ, भविष्यद्वाणी, ज्ञान, और यहाँ तक कि विश्वास भी - तब व्यर्थ होगा यदि इनका अभ्यास करने वाले में प्रेम की कमी हो। यहाँ तक भी कि यदि वह मनुष्य जिसके पास इन वरदानों की सर्वोच्च श्रेणी हो और यदि उसके पास प्रेम की कमी हो तो वह **कुछ भी नहीं** होगा। एक निश्चित प्रकार का ज्ञान प्रतिस्पर्धा की ओर नेतृत्व करता है जो देह की एकता के लिए विनाशकारी है। एक गहरी पहुँच वाला भविष्यद्वक्ता एक देखभाल रहित और प्रेम रहित ढंग से सत्य बोल सकता है। उसके पास पवित्रशास्त्र का गहरा ज्ञान हो सकता है और सम्भवतः वह सब भेदों को समझता हो; फिर भी, यदि वह एक प्रेम भरे हृदय से बोलने में असमर्थ रहता है, तो उसके प्रयत्नों का फल केवल असफलता ही होगी।

यीशु ने अपने चेलों को बताया था कि, यदि उनके पास राई के दाने के समान भी विश्वास होता, तो वे पर्वत को हिला सकते थे (मत्ती 17:20)। यहाँ तक कि प्रेम के बिना अत्यंत विश्वास भी व्यर्थ ही होगा। जॉन स्टोट ने इसे इस प्रकार कहा: "प्रेम प्रधान, सर्वोपरि, और प्रमुख, और परमेश्वर के लोगों का विशिष्ट लक्षण है। कोई भी वस्तु इसे विस्थापित नहीं कर सकती या इसका स्थान नहीं ले सकती। प्रेम सर्वोच्च है।"[6] यदि उनके सिद्धांत ने, प्रेम को चमत्कारी वरदानों के पक्ष में इसके स्थान से हटाया नही होता, यह कुरिन्थियों का आचरण होता।

प्रेम के बिना, आत्मिक वरदान लाभरहित थे। पौलुस की चिंता प्रेम की परिभाषा के लिए इतनी नहीं थी जितना उसके पाठको को इस बात के लिए प्रभावित करने की थी कि प्रेम से प्रेरित किसी व्यक्ति को कैसा व्यवहार करना चाहिए। न तो प्रेम और न ही विश्वास तब तक मसीह के समान हो सकते हैं जब तक कि उन्हें निराकार से ठोस में हस्तान्तरित न किया जाए। इस कारण के लिए, प्रेरित के विचार प्रेम की धारणा से उन निजी बलिदानों के प्रकारों की ओर गए जिन्हें प्रेरित करने की आशा प्रेम से की जा सकती थी। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति, धन की बड़ी मात्रा देने या सर्वोच्च बलिदान देने - गर्व, घमंड, या प्रसिद्धि के अभिलाषा के बिना - अपने जीवन का बलिदान देने के लिए प्रेरित हो सकता है। पौलुस ने कहा कि चाहे कोई कुछ भी व्यक्तिगत हानि क्यों न सहे, यदि इसे अपने संगी भाई या परमेश्वर के प्रेम के बिना किया जाए, तो यह व्यर्थ ही होगा। मसीह में, केवल वह कार्य महत्वपूर्ण नहीं है जो कोई करता है, परन्तु वह हृदय भी महत्वपूर्ण है जिससे कार्य बाहर निकलते हैं।

13:3 के यूनानी अनुवाद से दो प्रश्न उभरते हैं पहले का सम्बन्ध क्रिया ψωμίζω (*प्सोमिज़ो*, "खिलाना"), के सबसे उत्तम अनुवाद के तरीके से है, जो नए नियम में केवल रोमियों 12:20 में केवल यहीं प्रकट होता है। यह एक विशेष

प्रकार के देने की ओर संकेत करता है, अर्थात, भूखे को "भोजन प्रदान करने के लिए" या "रोटी का टुकड़ा देने के लिए"। "रोटी" के लिए आधुनिक यूनानी शब्द ψωμί *(शोमी)* है। NASB इस शब्द के एक महत्वपूर्ण अर्थ को **कंगालों को खिलाने** अनुवाद में पकड़ती है।

दूसरा प्रश्न 1 कुरिन्थियों की प्राचीन यूनानी प्रतियों पर विचार करता है। अनुवादकों के लिए एक चुनौती यूनानी शब्द के भाव के समान ही एक अंग्रेज़ी का शब्द खोजना है; दूसरा यह है कि यूनानी शब्द के प्राचीन हस्तलेखों (हाथ के द्वारा लिखी गईं प्रतियाँ) कि व्याख्या में अंतर हो सकता है। **या मैं अपने देह चलाने के लिए दे दूँ** अंग्रेज़ी अनुवाद इस उपवाक्य का अनुवाद करने में लगभग एकमत हैं; हालाँकि, विचार योग्य प्रमाण एक अन्य अर्थ की ओर संकेत करता है। अधिक आदरणीय प्रतियों में, καυθήσομαι (*कौथेसोमाई*, भविष्य कर्म सूचक अर्थ "जलाने के लिए दे दूँगा") या καυθήσωμαι (*कौथेसोमाई*, ओरिस्ट कर्मवाच्य संभाव्य शब्द जिसका अर्थ "जलाने के लिए दूँ"),[7] होने की बजाए इसमें καυχήσωμαι (*कौखेसोमाई*, "किसी का स्वयं पर घमंड करना या महिमा करना")। ये शब्द वर्तनी में एक-दूसरे के एकदम निकट हैं। एक प्राचीन विद्वान् ने संयोगवश एक ही शब्द की प्रतिलिपि की होगी जबकि दूसरा उसके सामने ही था। शाब्दिक विद्वान् सामान्य तौर पर इस बात से सहमत हैं कि एक लेखक से पूर्वानुमान लगाने और एक व्याख्या की ऐसी गलत प्रतिलिपि तैयार करने की अधिक सम्भावना होगी जो शब्द को और सरल बना देगी, इस बात कि नहीं जो इसे और कठिन बना दे। इसी कारण, वे अधिक कठिन व्याख्या को मूल के रूप में स्वीकार करते हैं। इस विषय में, अधिक कठिन और सम्भवतः अधिक भरोसेमंद व्याख्या का अर्थ है "घमण्ड करना।" यदि पौलुस ने *कौचेसोमाई* क्रिया का उपयोग किया था, तो इसका एक उत्तम अनुवाद यह होगा कि "...यदि मैं अपनी देह इसलिए दे दूँ ताकि मैं घमण्ड कर सकूं।" सौभाग्य से, इन दोनों व्याख्याओं के अंतर का परिणाम अर्थ में केवल छोटा सा परिवर्तन है।

प्रेम की विशेषताएँ (13:4-7)

[4]प्रेम धीरजवन्त है, और कृपालु है; प्रेम डाह नहीं करता; प्रेम अपनी बड़ाई नहीं करता, और फूलता नहीं, [5]वह अनरीति नहीं चलता, वह अपनी भलाई नहीं चाहता, झुँझलाता नहीं, बुरा नहीं मानता। [6]कुकर्म से आनन्दित नहीं होता, परन्तु सत्य से आनन्दित होता है। [7]वह सब बातें सह लेता है, सब बातों की प्रतीति करता है, सब बातों की आशा रखता है, सब बातों में धीरज धरता है।

1874 में, एक उत्कृष्ट उपदेश में हेनरी ड्रमंड ने, पौलुस के प्रेम के विवरण की तुलना एक प्रिज़्म के माध्यम से चमकने वाले प्रकाश और इसके संघटक भागों में बिखरने से की। ड्रमंड ने लिखा,

जैसा कि आपने एक वैज्ञानिक व्यक्ति को प्रकाश की एक किरण को लेकर इसे

एक क्रिस्टल के प्रिज़्म के माध्यम से आगे ले जाते हुए देखा है, जिस प्रकार आपने इसे प्रिज़्म से इसके संघटक रंगो में बिखरकर - लाल, नीले, पीले, बैंजनी, नारंगी, और मेघधनुष के सभी रंगो में दूसरी ओर से बाहर आते हुए देखा है - उसी प्रकार पौलुस इस बात प्रेम को, उसकी प्रेरित बुद्धि के शानदार प्रिज़्म के माध्यम से, आगे पहुंचता है, और यह दूसरी ओर से इसके तत्वों में टूटकर बाहर आती है।[8]

"प्रेम" एक प्रकार चमकदार तत्त्व, एक प्रकार से अत्यधिक उपयोग किया गया और परिव्यापक शब्द बना गया है, कि इसने अंग्रेजी भाषी देशों में अपना अर्थ ही खो दिया है। इसमें अब अधिक शक्ति और भेद बाकि नहीं बचा है। लोग सम्पूर्ण सच्चाई से, मनपसन्द भोजन और रूचियों से लेकर उनके देशों और उनकी माताओं तक सभी से प्रेम करने का दावा करते हैं। इसी शब्द का उपयोग बचपन के मित्रों और लोकप्रिय प्रख्यात व्यक्तियों के प्रति भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया गया। विज्ञापनदाता "प्रेम" को कारों, दवा उत्पादों, और वस्त्रों के साथ जोड़ते हैं। इसका अर्थ है सब कुछ; इसलिए इसका अर्थ कुछ भी नहीं है।

पश्चिमी संस्कृति में "प्रेम" शब्द का इस तरह का पतन प्रथम शताब्दी के यूनानी-रोमी सन्सार में इस महत्वपूर्ण मसीही धारणा के के लिए *अगापे* का चुनाव करने से एकदम विपरीत है। "विश्वास" (πίστις, *पिस्तिस)*, "अनुग्रह" (χάρις, *खारिस)*, और "आशा" (ἐλπίς, *एल्पिस)* के जैसे शब्द नए नियम के लेखकों के द्वारा उनके चारों ओर के सन्सार की सामान्य शब्दावलियों से चुने गए थे। उन्हें आवश्यक तौर पर सुधारा और पुनः परिभाषित किया गया था; परन्तु उसी सन्सार में, *अगापे* असाधारण था। यीशु ने स्वयं, और बाद में उसके अनुयायियों ने, इस कम उपयोग किए गए शब्द को सम्बन्धों में एक महत्वपूर्ण नए विचार का परिचय देने के लिए चुन लिया, जो मानवीय और ईश्वरीय दोनों थे। प्रेरित का उद्देश्य उस अर्थ की अधिक खोज करना नहीं था जो उसके समकालीन लोगों ने इस शब्द को दिया था क्योंकि यह एक नए अर्थ को उत्तेजित करने वाला था। ऊपर से मिले मार्गदर्शन सहित पौलुस उन लोगों के लिए इसका अर्थ समझाने के लिए निकल पड़ा जिनके पास मसीह के पीछे चलने का साहस था। जिस प्रेम के प्रदर्शन की इच्छा परमेश्वर अपने लोगों से करता है वह एक क्रिया या संज्ञा नहीं है जिसे हल्के में उपयोग किया जाए।

आयत 4. जो सूची प्रेरित ने हमें दी वह व्यवहार सम्बन्धी है, भावनात्मक नहीं।[9] उसने दो सकारात्मक और तीन नकारात्मक बातों के साथ, प्रेम के संघटक भागों की अपनी खोज आरम्भ की।

प्रेम धीरजवन्त है, और कृपालु है। किसी को दूसरे के स्थान पर रखने का प्रयास करना उस भाई या पड़ोसी की दुर्बलता में कष्ट सहना है। यह अपनी स्वयं की दुर्बलताओं विफलताओं को स्मरण रखना और जिस प्रकार कोई क्षमा करने की आशा रखता है उसी प्रकार उसे क्षमा भी करना है। संक्षेप में, प्रेम कृपा को सम्मिलित करता है और गले लगाता है। क्योंकि परमेश्वर कृपालु है, इसी कारण

उसने अपनी नैतिक कायनात की संरचना में कृपा का निर्माण किया है। मसीही प्रेम और कृपा सृष्टिकर्ता के स्वभाव को प्रकट करता है।

प्रेम **डाह नहीं करता।** ईर्ष्या का वर्णन करना सम्भावित तौर पर कुरिन्थियों के बीच आत्मा के अधिक प्रत्यक्ष वरदानों के लिए - उदाहरण के लिए, अन्यभाषाओं में बोलना, बीमारों को चंगा करना, और यहाँ तक कि भविष्यद्वाणी करने के लिए प्रतिस्पर्धा की ओर संकेत करता है।

प्रेम **अपनी बड़ाई नहीं करता और फूलता नहीं।** चमत्कारी वरदानों ने कई अवसरों पर श्रेष्ठ होने के गर्व और दिखावे की ओर नेतृत्व किया था। इस प्रतिद्वंदता की भावना ने कुरिन्थ में विश्वासी को विश्वासी के विरोध में खड़ा कर दिया था। प्रेरित के प्रेम के विशलेषण ने यह स्पष्ट कर दिया कि मसीहियों को अपने पुराने स्वार्थी मार्गों को त्याग कर प्रेम के मार्गों को सीखने की आवश्यकता थी। जो कोई भी प्रेम करता है वह केवल अपने आप में खोया नहीं रहता, और सदैव अपने ही विषय में, न बातें करता है या उसके पास क्या है या उसने क्या किया है इसके बारे में फूलता नहीं है।

अन्यजातियों का प्रेरित इस बात के प्रति पूरी तरह से सचेत था कि प्रेम को आसानी से एक व्यक्ति के अपने उद्देश्यों के उपयुक्त बनाया जा सकता था। इसका उपयोग प्रत्येक विभाजनकारी और अनैतिक आचरण को उचित ठहराने के किए किया जा सकता था। और अधिक चिन्तन और परिभाषा के बिना, प्रेम को मानवीय आचरण के अत्यधिक अप्रेमी तत्वों में से कुछ को उचित ठहराने के लिए किया जा सकता था, जिसमें व्यभिचार और जबरन वसूली से; लेकर सभी बातें भी सम्मिलित है। जेम्स डी. जी. डन के अनुसार,

> ... प्रेम स्वयं ... निजी उन्नति के एक उद्देश्य के लिए एक ढोंग का चोला, किसी करिश्माई अधिकार के बलपूर्वक दावे के समान ही कोई दिखावटी दावे जितना हेरफेर करने वाला हो सकता है।[10]

आयत 5. वह (प्रेम) **अनरीति नहीं चलता, वह अपनी भलाई नहीं चाहता।** प्रेरित ने प्रेम के सच्चे अर्थ को उस प्रकार के जीवन से उंडेलना जारी रखा जो मसीह अपने लोगों से चाहता है। वह समझने के लिए सहायक के रूप में भेद की ओर मुड़ा। प्रेम कभी भी एक गैर-मसीही शैली में व्यवहार नहीं करता। अपनी भलाई के लक्ष्यों से प्रेरित होकर, कोई प्रेम का दावा उस आचरण को उचित ठहराने के लिए कर सकता है जिसे धर्मी लोग घृणित के रूप में मान्यता देते हैं। पौलुस ने घोषणा की, कुछ बातें जो लोग दूसरों के साथ करते हैं, उन्हें कभी भी प्रेम से भ्रमित नहीं करना चाहिए। दूसरों पर निंदनीय आरोप लगाना, कठोर शब्द, दूसरों में बुरा ही देखना, केवल अपने ही लाभ की खोज में रहना: इस प्रकार के आचरण का मसीही जीवन में कोई भाग नहीं।

प्रेम **झुँझलाता नहीं।** यह शब्द παροξύνω (*परोक्सुनो*, "झुंझलाना") मित्रों के बीच में विवाद उत्पन्न करने का संकेत देता है। यह ὀξύνω (*ओक्जुनों*, "पैना करना") का एक संयुक्त शब्द है। पौलुस ने इस शब्द का उपयोग यह कहने के

लिए किया कि "प्रेम शीघ्रता से क्रोध नहीं करता" (NIV)। इसकी संयुक्त क्रिया लोगों को कहा-सुनी और इसके बाद क्रोध के लिए उकसाने कि एक स्वार्थी भावना की इच्छा का संकेत करती है। प्रेम को झगड़े उत्पन्न करने में कोई आनन्द नहीं आता। जो कोई विवाद में अपने आनन्द को तृप्ति के लिए "सत्य का बचाव" करने के पीछे छिपता है उसे प्रेम के विषय में बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है।

प्रेम **बुरा नहीं मानता।** जो मसीही प्रेम करता है वह सहनशील होता है, वह तब आसानी से झुंझलाता नहीं जब कोई दूसरा ऐसा कार्य करता जिसे वह अनुचित समझता है। प्रेम दूसरों के साथ कोमलता से व्यवहार करता है, और जब अति आवश्यक हो, तो विवेक से निर्बल को सुधारता है। प्रेम बुराई का कोई ब्यौरा नहीं रखता यहाँ तक कि तब भी जब वह निजी तौर पर इससे प्रभावित हो। कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति की योग्यता के मूल्यांकन के आधार पर प्रेम नहीं करता, परन्तु वह उसके स्वयं के मसीही हृदय में अंतर्निहित आचरण के आधार पर प्रेम करता है। प्रेम रखना, मसीह का अनुकरण करते हुए जीना है।

आयत 6. प्रेम **कुकर्म से आनन्दित नहीं होता।** जब कोई प्रेम करता है, तो दूसरों के द्वारा या उसके प्रति की गई गलतियों की ओर संकेत करने में उसे कोई आनन्द नहीं मिलता। दूसरों ने क्या कहा और किया उससे एक विशेष प्रकार की आत्म-धार्मिक आक्रोश की अभिव्यक्ति आती है। इस प्रकार की भावना से एक व्यक्ति को उसकी अपनी श्रेष्ठता में आनन्द लेने की संतुष्टि मिलती है।

प्रेम **सत्य से आनन्दित होता है।** प्रेम धार्मिकता और भलाई से आनन्दित होता है। एक मसीही की आत्म-मूल्य की समझ मसीह में निरंतर बढ़ने से आती है, न कि दूसरों में बुराई देखने से। जो भी प्रेम करता है वह सत्य की खोज करता है। यदि सत्य की खोज करना कुकर्म की ओर ले जाता है, तो यह अवसर उस बात के लिए खड़े होने का है जो ठीक है, न कि चुगली करने और अपने लाभ की खोज करने का।

पौलुस ने जो कहा था केवल उसके द्वारा ही प्रेम को परिभाषित नहीं किया, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उसने अपने दिनों की लोकप्रिय परिभाषाओं को एक उद्देश्य से अनदेखा किया था। उदाहरण के लिए, नैतिकवादी जो कि पौलुस के समकालीन थे, उनके बीच में सबसे अधिक बहुमूल्य मानसिक और भावनात्मक अवस्थाएँ εὐδαιμονία (*युडैमोनिया,* "कल्याण, आनन्द") थीं। वास्तव में इस अवधारणा को पौलुस के द्वारा अनदेखा कर दिया गया था। प्रेरित के लिए, किसी के परमेश्वर के साथ सम्बन्ध के कारण बढ़ते हुए आनन्द, आन्तरिक संतुष्टि और स्वयं में शांति, उल्लास पूर्ण आनन्द से कहीं अधिक मूल्य की थीं जो किसी भी बाहरी परिस्थिति के उन्हें प्रस्तुत करने के साथ आता या जाता था।

आयत 7. वह (प्रेम) **सब बातें सह लेता है, सब बातों की प्रतीति करता है, सब बातों की आशा रखता है, सब बातों में धीरज धरता है।** चार और सकरात्मक बातों को जोड़ते हुए पौलुस ने अपने पाठकों को स्मरण दिलाया कि

प्रेम "सहता है", "प्रतीति करता है", "आशा करता है" और "धीरज धरता है"। जो कोई भी प्रेम करता है वह व्यक्तिगत और दूसरों की विफलताओं पर उदारतापूर्वक दृष्टि डालता है (देखें 1 पतरस 4:8)। प्रेम संदेह का लाभ देने की चिंता में रहता है। संवेदनशील पर्यवेक्षकों को पता चलता है कि जो लोग हत्या, झूठ या चोरी करते हैं, वे संसार में एकमात्र पापी नहीं हैं। यहाँ तक कि जिन लोगों को प्रेम और सम्मान मिलता है, वे भी कभी-कभी संकीर्णता, कड़वाहट या अपने लाभ के उद्देश्यों के विरुद्ध संघर्ष कर सकते हैं। प्रेम मसीहियों को दूसरों की त्रुटियों के विषय में कोमलता दिखाने के लिए कहता है। महान और उदार गुण ऐसे लोगों में पाए जाते हैं जो कभी-कभी गलत चुनाव करते हैं। इन सब का अर्थ यह नहीं कि प्रेम का रहस्य त्रुटियों को अनदेखा करना है। मसीही लोग पाप से फिरकर भलाई करना सीखते हैं, परन्तु यीशु में बप्तिस्मा लेना प्रत्येक मनुष्य के मन में प्रत्येक पापमय प्रवृत्ति को क्रूस पर नहीं चढ़ाता। जब उन्हें उन लोगों के द्वारा लिए गए अप्रिय चुनावों का सामना करना हो जिनसे वे प्रेम करते हैं और सम्मान करते हैं तो उस समय भाइयों को डगमगाना नहीं चाहिए। प्रभु की कलीसिया के सदस्यों को एक दूसरे को आवश्यक तौर पर सुधारना है; ऐसा करने में विफल रहना कायरता होगी। पौलुस ने डांट और सुधार को अपनी देखभाल और उन लोगों की चिंता के रूप में देखा जिनसे वह प्रेम करता था।

जब एक मसीही का सामना मतभेदों या हिंसा या बेईमानी से होता है, तो प्रेम की मांग उसे कोमलता से कार्य करने और पश्चाताप का अनुरोध करने को बुलाएगी। यहूदा का अक्सर भुला दिया जाने वाला पत्र कहता है कि, "उन पर जो शंका में हैं, दया करो; और बहुतों को आग में से झपटकर निकालो; और बहुतों पर भय के साथ दया करो, पर उस वस्त्र से भी घृणा करो जो शरीर के द्वारा कलंकित हो गया है" (यहूदा 22, 23)। प्रेम की प्रथम प्रवृत्ति एक भाई पर विश्वास करना है; और यह मान लेना है कि वह सत्य बोल रहा, और उसमें उत्तम की खोज करना और उसे पाना है। जब एक गलती के लिए एक भाई का सामना करना आवश्यक हो, तो उसे डांटना कभी भी उससे श्रेष्ठ होने के उद्देश्य सा प्रतीत नहीं होना चाहिए।

स्थायी प्रेम (13:8-12)

8प्रेम कभी टलता नहीं; भविष्यद्वाणियाँ हों, तो समाप्त हो जाएँगी; भाषाएँ हों, तो जाती रहेंगी; ज्ञान हो, तो मिट जाएगा। 9क्योंकि हमारा ज्ञान अधूरा है, और हमारी भविष्यद्वाणी अधूरी; 10परन्तु जब सर्वसिद्ध आएगा, तो अधूरा मिट जाएगा। 11जब मैं बालक था, तो मैं बालकों के समान बोलता था, बालकों का सा मन था, बालकों की सी समझ थी; परन्तु जब सियाना हो गया तो बालकों की बातें छोड़ दीं। 12अभी हमें दर्पण में धुँधला सा दिखाई देता है, परन्तु उस समय आमने-सामने देखेंगे; इस समय मेरा ज्ञान अधूरा है, परन्तु उस समय ऐसी पूरी रीति से पहिचानूँगा, जैसा मैं पहिचाना गया हूँ।

पौलुस ने तर्क दिया था कि प्रेम अलौकिक वरदानों की अभिव्यक्ति से अधिक उत्तम है। अर्थात्, प्रेम एक "सबसे उत्तम मार्ग" (12:31) है। निःसंदेह, अलौकिकता का अस्तित्व, सिद्ध वरदान को प्रेम को रोकने की आवश्यकता नहीं है; दोनों एक ही व्यक्ति में एक साथ विद्यमान हो सकता है। जबकि, कुरिन्थ में, असाधारण आत्मिक वरदानों की माँग की जा रही थी और ऐसे तरीकों का प्रयोग किया गया था कि प्रेम प्रकट होते दिखाई नहीं दे रहा था। प्रेम के महत्व की वकालत करते हुए, प्रेरित ने इस पर विश्वास के लिए अन्य कारणों की ओर इशारा किया कि यह कुरिन्थियों के कुछ विश्वासियों द्वारा आनन्द लिए जानेवाले चमत्कारिक शक्तियों से उत्तम है। प्रेम मसीहयत की एक केन्द्रीय गुणवत्ता थी; तुलनात्मक रूप से, अन्य भाषाओं में बोलना, चंगाई, ज्ञान और भविष्यद्वाणी केवल अस्थायी वरदान थे जो यीशु में जीवन के बारे में सिखाए गए थे। प्रेम कभी नहीं टलता, परन्तु एक अद्भुत वरदान है।

आयत 8. यह ज़ोर देते हुए कि प्रे**म कभी टलता नहीं** (οὐδέποτε πίπτει, *उडेपोते पिपतेई,* शाब्दिक अर्थ, "कभी मिटता नहीं"), प्रेरित ने प्रेम की अपरिवर्तनीय स्थायित्व पर ज़ोर दिया। हम यहाँ प्रकाशन के पहले के-सदी के चमत्कारों की अस्थायी प्रकृति को देखते हैं।

पौलुस ने तीन विशेष वरदानों के साथ प्रेम का विरोधाभास किया है, जिसे कुरिन्थियों के मसीहियों ने आत्मा की प्रत्यक्ष देनदारी द्वारा प्राप्त की थी: **भविष्यद्वाणी, भाषाएँ** और **ज्ञान**। उसने कहा, इनमें से दो, भविष्यद्वाणी और ज्ञान, **तो जाती रहेंगी** (καταργηθήσεται, *कतारगेथेसेताई,* καταργέω, *कतारगेओ,* "जाती रहने, मिटा देने" का भविष्यत अकर्मक)। इसके अतिरिक्त, पौलुस ने कहा कि भाषाएँ **जाती रहेगी** (παύσονται, *पौसोन्ताई,* παύω, *पाऊओ* भविष्य का मध्य भाग)। उसने मूल रूप से भाषाओं के बारे में भी वही बात कही जो ज्ञान और भविष्यद्वाणी के बारे में कही थी। इन सभी उदाहरणों में, इस आयत में नामित तीन अद्भुत वरदानों की अस्थायी प्रकृति के विपरीत प्रेम की स्थायित्व को बताया गया है।

जो प्रेम देता है या जो इसे प्राप्त करता है, उसके लिए वह कभी नहीं टलेगा। अद्भुत वरदानों के विपरीत जो विशेष रूप से दिए गए थे, प्रेम सभी के लिए सुलभ है। इसके लिए आत्मा की कोई अलौकिक देनदारी की आवश्यकता नहीं है आत्मा के किसी भी उच्च वांछित वरदान को रखने से प्रेम का होना बहुत आवश्यक है क्योंकि यह ऐसी नींव है जिस पर मसीहियों के सद्गुण और नैतिकता का निर्माण किया गया था। आत्मिक वरदान प्रेम बिना अर्थहीन थे। कोई भी प्रेम की आवश्यकताओं को गलत तरीके से समझ सकता है या किसी अनुचित परिस्थिति में उन्हें मिटा सकता है, परन्तु कलीसिया के जीवन के लिए स्वयं को प्रेम करना मूलभूत है। पौलुस भविष्यद्वाणी या भाषा या ज्ञान की माँग नहीं कर रहा था, क्योंकि उसने पहले ही आग्रह किया था कि उसके पाठकों को उनकी "धुन में रहना" चाहिए (12:31)। इसलिए, वह यह कह रहा था कि कुरिन्थ के लोग राज्य के वारिस बनने के लिए गलत मार्ग ले रहे थे। प्रेरित ने

प्रतिस्पर्धी भावना को रोकने का प्रयास किया जो कलीसिया के आत्मिक धुन को हानि पहुँचा रहा था।

आयत 9. प्रेम की तुलना में, 13:8 के अद्‌भुत वरदान अधूरे थे। नए जन्में कलीसिया के युग में, जब तक पूरा प्रकाशन नहीं आया तब तक उसने एक महत्वपूर्ण उद्देश्य की सेवा की। जैसा कि ज्ञान और भविष्यद्वाणी कलीसिया के निर्माण के लिए जितने महत्वपूर्ण थे, वे अपने अनन्त चरित्र के लिए मूलभूत नहीं थे। प्रेम इस युग और आने वाले युग के लिए आवश्यक है। यद्यपि चमत्कारिक ज्ञान और भविष्यद्वाणी पवित्र आत्मा के वरदान थे, जिसने केवल आंशिक रूप में सेवा की थी। पौलुस ने कहा, **हमारा ज्ञान अधूरा है, और हमारी भविष्यद्वाणी अधूरी**। परमेश्वर ने मसीहियों को प्रेम करने की क्षमता दी है। इस तरह प्रेम हम में रहता है जैसा कि उसके लोग, यह गुण हमारे लिए है; जिस स्तर से हम प्रेम करते हैं, उस स्तर से हम परमेश्वर के समान बनते जाते हैं। इसलिए, यह सच है कि जो मसीह के प्रेम से स्वयं को भरता है, वह स्वयं का इनकार करने और दूसरे के लिए भले काम करने में समर्थ होता है।

आयत 10. पौलुस ने पहले से ही स्थापित किया था, जबकि प्रेम सदा के लिए बना रहता है, आत्मा के अद्‌भुत वरदान नहीं। क्योंकि ये जाती रहेंगी, कुरिन्थियों मसीहियों को सदा के लिए, परमेश्वर से मिले प्रेम के गुण को थामे रहना अच्छा लगेगा। प्रेम को प्रोत्साहित और प्रेरित करना होगा ताकि वे परमेश्वर की महिमा और उसकी कलीसिया की उन्नति के लिए अपने प्राकृतिक दान और आत्मा के विशेष वरदान दोनों का उपयोग करें। जब पौलुस ने लिखा कि **सर्वसिद्ध** के आने के साथ, **अधूरा मिट** [जाएगा], तो वह एक बड़े निश्चयता की पुष्टि कर रहा था। वह प्रेम की उत्तमता को देखना चाहता था। "अधूरा" वरदान, जो कुरिन्थियों के द्वारा अत्यधिक बहुमूल्य थे, एक बार "सर्वसिद्ध" का ज्ञान होने के साथ जाता रहेगा। (*आगे के अध्ययन के लिए: "सर्वसिद्ध" क्या है?* पृष्ठ 106 पर देखें।)

आयत 11. "अधूरा" और "सर्वसिद्ध" के बीच तुलना की जाती है। कुछ लोग कहते हैं कि "सर्वसिद्ध" प्रेम की अवधारणा में परिपक्व मसीही जीवन है, जिसके साथ चमत्कारी वरदानों में "अधूरा" विलुप्त हो जाता है। उन्हें 13:11 में सहायता मिलती है। पौलुस ने लिखा, **जब सियाना हो गया तो बालकों की बातें छोड़ दीं**। परन्तु, पौलुस के उदाहरण में "सर्वसिद्ध" का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। अवलोकन का ज़ोर, "सर्वसिद्ध" के बारे में जो कुछ निष्कर्ष निकाला है, उसके बराबर भी उतना ही मान्य है। प्रेरित ने अपरिपक्व बातों और/या अद्‌भुत वरदानों के लिए अन्त का अनुमान लगाया। जब सर्वसिद्ध आया, तो मसीही अब अपरिपक्व बातों में लगे हुए नहीं पाएँ जाएँगे। अन्ततः, विश्वासयोग्य परमेश्वर के अनुग्रह के चरम सीमा के रूप में स्वर्ग का आनन्द लेंगे।

आयत 12. अद्‌भुत काम करने की क्षमता परमेश्वर के मसीह में दिए गए वायदे की सच्चाई का एक प्रमाण था। जो लोग अपने अस्तित्व पर ज़ोर देते हैं वे आज प्रत्यक्ष, भौतिक पुष्टि की माँग करते हैं। चिह्नों की आवश्यकता तब होती

है, जब परमेश्वर पर विश्वास पर्याप्त नहीं होता है। स्वर्ग के प्रभुत्व में, मसीही अब **धुँधला** सा दिखाई नहीं देंगे[11] जैसे कि **दर्पण** में दिख रहे हों। बल्कि उस समय वे उसे **आमने सामने** देखेंगे। प्रेरित ने उस भाषा को अपनाया जिसे परमेश्वर ने मूसा के लिए प्रयोग किया था: "उस से मैं गुप्त रीति से नहीं, परन्तु आमने-सामने और प्रत्यक्ष होकर बातें करता हूँ" (गिनती 12:8)। स्वर्ग में परमेश्वर छुटकारा पाए लोगों के साथ "आमने सामने" बातें करेगा।

इन अलौकिक वरदानों का एक विशिष्ट उद्देश्य था जो कलीसिया में अधिकार और शिक्षा से जुड़ा था, इससे पहले नया नियम पवित्रशास्त्र का सिद्धान्त इस आयत के लिए एक तर्कसंगत निष्कर्ष था। इस दृष्टिकोण का अर्थ है कि जो धार्मिक उत्साही लोगों द्वारा "चमत्कारिक" कहा जाता है, जब निष्पक्ष पर्यवेक्षकों द्वारा परखा जाता है वह आज अंधविश्वास की घेरे में फँस जाता है। जो लोग मानते हैं कि परमेश्वर अब अलग-अलग विश्वासियों को अद्भुत काम करने का अधिकार नहीं देता है वह विश्वास करते हैं कि परमेश्वर उसके संसार की ओर कदम बढ़ाता है। वह विनतियों को सुनता है और बिना पक्षपात के अपने लोगों की प्रार्थनाओं का उत्तर देता है।

पौलुस की अगली आयत में मसीही गुणों की सूची में कुरिन्थियों के बीच आत्मिक वरदान प्रतियोगिता के विपरीत पाया जाता है।

स्थायी गुण: "विश्वास, आशा और प्रेम" (13:13)

[13]पर अब विश्वास, आशा, प्रेम ये तीनों स्थायी हैं, पर इन में सबसे बड़ा प्रेम है।

आयत 13. पौलुस प्रेम की प्रशंसा करते एक उसकी विशेष समापन पर पहुँच चुका है, क्योंकि उसने प्रेम की उत्तमता का वर्णन किया। **विश्वास, आशा** और **प्रेम,** ईश्वरीय जीवन जीने वाले सामान्य गुण हैं। पौलुस ने उन्हें सामान्य संगति में उचित ढंग से रखा (रोमियों 5:1-5; गलातियों 5:5, 6; कुलुस्सियों 1:4, 5; 1 थिस्सलुनीकियों 1:3; 5:8; देखें तीतुस 2:2)। इसलिए, प्रेरित ने कहा कि प्रेम तीनों में सबसे महत्वपूर्ण है। जैसा कि कुरिन्थियों ने इन गुणों में वृद्धि की, आत्मा के अलौकिक वरदान (भविष्यद्वाणी, भाषाएँ और ज्ञान) के प्रयोग का परिणाम कम होगा। अद्भुत वरदान अधिक से अधिक महत्व के लिए प्रारम्भ से थे।

प्रेम, जिसके अर्थ की गहराई में, एक विशेषता है जो लोगों को परमेश्वर के समान बनाता है। मसीही का व्यवहार परमेश्वर के चरित्र को दर्शाता है जिसने उसे मसीह में उसका नया जीवन दिया है।

पौलुस ने प्रेम स्वभाव रखने की अपनी प्रशंसा को तीन भागों में विभाजित किया। सबसे पहले, प्रेरित ने घोषणा की कि प्रेम एक परम आवश्यकता है। प्रेम की अनुपस्थिति में आत्मिक वरदान या गुण व्यर्थ हैं (13:1-3)। दूसरा, पौलुस ने तर्क दिया कि प्रेम मसीही चरित्र का सार है। प्रेम एक निश्चित उपाय नहीं है जो

एक मसीही महसूस करता है; यह एक स्वभाव है जिसे वह प्रगट करता है। जब तक कोई मसीही हृदय और मन में परमेश्वर और अन्य लोगों की सेवा करने के तरीकों में भावनाओं का समावेश नहीं करता है, तब तक उनके स्वयं की भावनाएँ स्वयं के स्वभाव तक सीमित होती हैं (13:4-7)। तीसरा, प्रेम अनन्त है। अलौकिक वरदान ने मसीही युग के प्रथम चरण के दौरान अपना उद्देश्य को प्रस्तुत किया। दूसरी ओर प्रेम, परमेश्वर के राज्य में एक अनन्त घटक है (13:8-13)।

आगे के अध्ययन के लिए: "सर्वसिद्ध" क्या है? (13:10)

पौलुस ने यह नहीं समझाया कि 13:10 में "सर्वसिद्ध" क्या है परिणामस्वरूप, वाक्यांश विभिन्न तरीकों से समझा गया है। अनुवादकों ने तीन स्पष्टीकरण पर ध्यान केन्द्रित किया है।

विचार 1: प्रेम के द्वारा आत्मिक परिपक्वता। संदर्भ के लिए अपील करते हुए, कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि "सर्वसिद्ध" प्रेम होना चाहिए क्योंकि पौलुस ने उस प्रकार के प्रेम की पहचान की जो कभी टलता नहीं। इसके विपरीत, आत्मा से सम्पन्न वरदान जाते रहेंगे या समाप्त हो जाएंगे। जैसे एक मसीही परिपक्व हो जाता है, इसलिए तार्किकता बढ़ जाती है, वह प्रेम करने की उसकी क्षमता में बढ़ता है। प्रेम अपने हर शब्द और काम के लिए केन्द्र बन जाता है परिपक्वता का अर्थ है कि, प्रेम में वृद्धि के साथ, अद्भुत वरदान के लिए उनकी इच्छा कम हो जाती है। जैसा कि पहली सदी के मसीहियों ने प्रेम की पूर्णता में वृद्धि की, उन्हें अब आत्मिक वरदान की आवश्यकता नहीं थी।

आयत 11 परिपक्वता की बात करता है। यह कहता है, जैसा कि एक व्यक्ति बचपन से वयस्कता में पहुँचता है, मसीही आत्मिक और परिपक्व हो जाता है, जो प्रारम्भिक भावनात्मक आवेगों से परे है जो मसीही अंगीकार के साथ होता है। आत्मिक परिपक्वता का अर्थ बचकानी बातों को दूर करना है। पहली सदी के मसीहियों के लिए, इसका अर्थ था कि वे चमत्कारी शक्तियों की कम चिन्ता करते थे और प्रेम से चिह्नित जीवन की अधिक चिन्ता करते थे। परिपक्वता मसीह द्वारा सिखाए गए नैतिक व्यवहार पर चलना है।

इस स्पष्टीकरण की कमी को देखने में कठिनाई यह है कि क्यों परिपक्व होने के कारण मसीहियों के लिए आत्मिक वरदान कम महत्वपूर्ण होता है। क्यों किसी के अन्य भाषा में बोलने या बीमारियों को चंगा करने के महत्व को किसी के प्रेम में अधिक गहराई से बढ़ने के महत्व से कम समझा जाना चाहिए? क्योंकि आत्मिक वरदान और प्रेम असंगत नहीं होते हैं, यह स्पष्ट नहीं है कि किसी की वृद्धि का अर्थ दूसरे की गिरावट का कारण है।

विचार 2: पवित्रशास्त्र का पूर्ण होना। "सर्वसिद्ध" की दूसरी समझ अधिक समुदाय-उन्मुख है। कुरिन्थ और अन्य जगहों पर कलीसिया की परिपक्वता के समान व्यक्ति की निरन्तर आत्मिक परिपक्वता पर उसका ध्यान इतना अधिक

नहीं होता है। यह कहा गया है, अद्भुत वरदान केवल सुसमाचार संदेश की सच्चाई की पुष्टि करने के उद्देश्य से थे। यीशु ने अपने अद्भुत कामों के अनुसार पुष्टि की कि परमेश्वर ने उसे भेजा था (यूहन्ना 5:36)। जब शुरुवाती मसीही मिशनरियों ने घोषित किया कि यीशु मरे हुओं में से जी उठा है, तो उन्होंने जो चमत्कार किए थे, उसका श्रेय उन्होंने जो कुछ कहा था उसे दिया (रोमियों 15:19; 2 कुरिन्थियों 12:12; गलातियों 3:5; इब्रानियों 2:4)। नए विश्वासियों के साथ देने के लिए पवित्रशास्त्र के सिद्धान्त की अनुपस्थिति में, अद्भुत वरदान ने पहले सुसमाचार प्रचारकों जिसकी घोषणा वे करते थे की सच्चाई का अधिकार दिया था।

एक बार जब पवित्र आत्मा सुसमाचार लिखे जाने का कारण बना था और नया नियम पवित्रशास्त्र के सिद्धान्त जगह में था, "सर्वसिद्ध" आया था। शास्त्रों की तुलना में, सुसमाचार के लिए दिए जाने वाली गवाही में अद्भुत वरदान अधूरे थे। "सर्वसिद्ध" के लिए इस स्पष्टीकरण के समर्थकों का कहना है कि "सर्वसिद्ध" पूरे किए गए वचनों को नाम देने के लिए एक उपयुक्त शब्द है।[12] इसके अतिरिक्त, वे अनुभव की इच्छा करते हैं। किसी ने भी संदेह नहीं किया कि यीशु और प्रेरितों ने चमत्कार किए। बहुत से लोग संदेह करते हैं कि आधुनिक कलीसिया में इसी के समान चमत्कार होते हैं।

यह स्पष्टीकरण मसीहियों की धार्मिक मामलों में अधिकारियों के साथ संघर्ष से उत्पन्न होता है। व्याख्या कलीसिया के सिद्धान्त और मसीही चाल चलन के लिए प्राधिकरण के प्रश्न से शुरू होता है, और इसका उत्तर 13:10 में मिलने का दावा करता है। यदि पवित्र आत्मा ने मसीहियों को आज चमत्कारिक ज्ञान, भविष्यद्वाणी करने की क्षमता, या अन्य भाषाओं में बात करने की क्षमता दिया है, इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों द्वारा कहे गए संदेशों को परमेश्वर से मिले नए प्रकाशन के रूप में देखा जाना चाहिए। इस पर विश्वास करना तर्कसंगत है कि जो अधूरा था वह "सर्वसिद्ध" में पूरा हुआ। यद्यपि, हो सकता है कि कुरिन्थियों को नए नियम के आने वाले सिद्धान्त के बारे में मालूम न हो, जो अद्भुत वरदानों के समाप्त होने से पहले पूरा किया जाना था। फलस्वरूप, ऐसा प्रतीत होता है कि पौलुस शायद उनसे शास्त्रों के बारे में बात नहीं कर रहा हो। जारी रहने वाले अद्भुत कामों, अन्य भाषा में बोलने और भविष्यद्वाणी की प्रकृति के बारे में प्रश्न को आज 1 कुरिन्थियों 13 के अलावा अन्य जगह में स्थापित किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 8:1-18 शुरुवात करने का एक अच्छा भाग है।

विचार 3: अनन्त जीवन। "सर्वसिद्ध" के लिए तीसरा स्पष्टीकरण, जो दावा करता है कि पौलुस आनेवाले युग के आगमन की बात कर रहा था। इसलिए वे कहते हैं, "सर्वसिद्ध" वह जीवन है जिसे परमेश्वर ने छुड़ाए हुए लोगों के लिए अगले संसार में तैयार किया है। इस विचार के अनुसार, स्वर्ग पौलुस का विषय था जब उसने लिखा, "...परन्तु उस समय ऐसी पूरी रीति से पहिचानूँगा ..." (13:12)। प्रभु का आगमन, न्याय और अनन्तता पहली सदी के मसीहियों के मन

में सबसे ऊपर था, जैसा कि नए नियम के साक्ष्य में अनेकों आयतें हैं। अधूरी बातें, जैसे अद्‌भुत वरदान, व्यर्थ ठहरेंगी। दूसरी ओर प्रेम, एक अनन्त आयाम है। जब प्रभु का आगमन होगा, तो मसीही के रूप में हम परमेश्वर के लिए और हमारे साथी भाइयों के लिए अपने प्रेम को जारी रखेंगे।

यह अंतिम व्याख्या पौलुस की सलाह को समझने का एक अच्छा तरीका है। यह बहस नहीं करता है कि अद्‌भुत वरदान मसीहियों में प्रभु के आगमन तक जारी रहेगा। बल्कि, इसका अर्थ है कि, जब प्रभु वापस आता है और परमेश्वर के लोग उसके साथ अनन्त जीवन की शुरुवात करते हैं, तो चमत्कारों का कोई स्थान नहीं होगा। इस कारण से, "अधूरा जाता रहेगा।" इसके विपरीत, प्रेम अनन्त है। स्वर्गीय स्थानों में भी प्रेम का होना आवश्यक होगा।

उपसंहार। क्योंकि इन विचारों में से प्रत्येक के सम्बन्ध में प्रश्न उठते हैं, "सर्वसिद्ध" को जो भी "अधूरा" था उसकी पूर्ति के रूप में होना हमारे लिए सबसे उत्तम बात है। हमारे लिए इन तीनों वृत्तांतों को इस सम्बन्ध में प्रयोग होते हुए देखना विवेकपूर्ण है। पौलुस ने प्रकाशन के चमत्कार, बचपन की अपरिपक्वता और स्वयं के अधूरे ज्ञान को उन वृत्तांतों रूप में प्रयोग किया जिनके पहचान मिट जाएगी या समाप्त हो जाएगी। प्रेम का एक अनन्त, निरन्तर और न टलने वाला चरित्र है। प्रकाशन के चमत्कार "समाप्त" हो जाएँगे (जबकि आज समाप्त हो चुके हैं)। जब वयस्कता आता है तो बचपन की अपरिपक्वता समाप्त हो जाती है। स्वयं का अधूरा ज्ञान विलुप्त हो जाएगा, विशेषकर तब जब हम स्वर्ग में प्रवेश करते हैं। इनके विपरीत प्रेम की अनन्तता स्थायी है।

अनुप्रयोग

चमत्कार और आज की कलीसिया?

क्या पौलुस ने युग के अन्त से पहले अलौकिक वरदानों जैसे कि भविष्यद्वाणी, ज्ञान, भाषाएँ, चंगाई और चमत्कार की समाप्ति की कल्पना की? क्या वे समाप्त हो गए, या वे कब समाप्त हो जाएँगे? क्या कलीसिया सदियों से जिसमें कई पुरुष और स्त्रियाँ होते थे, उनके स्वयं की इच्छा पर, चमत्कारिक बातों को कर सकते थे? क्या आज मसीही बीमारों को चंगा कर सकते हैं जब सभी चिकित्सा प्रयास विफल हो चुके हों? ये प्रश्न केवल अकादमिक नहीं हैं। उनका कलीसिया की प्रकृति, कलीसिया की आराधना और पवित्रशास्त्र का अधिकार पर असर पड़ता है।

इन प्रश्नों का सावधानीपूर्वक निर्माण करना महत्वपूर्ण है। मसीही सहमत हैं कि परमेश्वर प्रार्थना का उत्तर देते हैं। प्रार्थना के प्रति उसकी प्रतिक्रिया उसके हस्तक्षेप की परिभाषा है जो उत्तर को लाता है अन्यथा नहीं हुआ होता। प्रार्थना करने में केवल विश्वास ही ज़रूरी नहीं है, बल्कि परमेश्वर के उत्तर को देखने में भी है।

कुरिन्थ में चमत्कार प्रार्थना के प्रति परमेश्वर की ईश्वरीय प्रतिक्रिया से परे

था। शहर में कुछ मसीही, जो चमत्कारिक रूप से सम्पन्न हुए थे, एक बीमार व्यक्ति से, शायद जिसकी मृत्यु निकट हो से मिलने जाते थे, और उसे एक शब्द के साथ चंगा कर सकते थे। पौलुस ने कुरिन्थ और अन्य जगहों पर ऐसा ही किया, और वह कह सकता है, "प्रेरित के लक्षण भी तुम्हारे बीच सब प्रकार के धीरज सहित चिह्नों, और अद्‌भुत कामों, और सामर्थ्य के कामों से दिखाए गए" (2 कुरिन्थियों 12:12)।

पौलुस के कुरिन्थ में आने के कुछ वर्ष पहले, यरूशलेम में पतरस और यूहन्ना की भेंट एक लंगड़े भिखारी से हुई। पतरस ने उसकी ओर देखा और कहा, "यीशु मसीह नासरी के नाम से चल फिर" (प्रेरितों के काम 3:6)। विवरण जारी है, "वह उछलकर खड़ा हो गया और चलने फिरने लगा" (प्रेरितों के काम 3:8)। प्रेरितों ने शायद ऐसे कितने ही लोगों को चंगा किया होगा जो इस लंगड़े भिखारी के समान स्थायी रूप से अयोग्य थे। प्रेरितों के काम में कोई संकेत नहीं मिलता है कि पवित्र आत्मा ने इन सभी लोगों को चंगा करने के लिए पतरस को निर्देशित किया था। यह दावा करना कि पवित्र आत्मा के अद्‌भुत वरदान आज कलीसियाई जीवन का हिस्सा है, जिसका तात्पर्य यह दावा करना है कि ऐसे भी व्यक्ति हैं जो पहली सदी में आत्मा से सम्पन्न लोगों के समान ही अद्‌भुत काम कर सकते हैं। यह उस दावा के समान नहीं है कि परमेश्वर मसीहियों की प्रार्थना सुनता है और विश्वासयोग्यता से उत्तर देता है।

नया नियम में अद्‌भुत काम उनमें समाप्त नहीं हुए थे। उन्होंने सत्य की प्रत्यक्ष और अनुभव के अनुसार गवाही दी। यूनानी-रोमी जगत में सुसमाचार के प्रारम्भिक प्रसार के बाद, और नया नियम के सिद्धान्त के लेखन और स्वीकृति के बाद, अद्‌भुत कामों की अब उसी के समान एक महत्वपूर्ण भूमिका नहीं थी। नया नियम सिखाता है और आधुनिक अनुभव यह पुष्टि करता है कि अद्‌भुत शक्तियाँ जो शुरूवाती कलीसिया में जानी जाती थीं, स्थायी जीवन का हिस्सा नहीं थे। व्यक्तिगत कहानियों और प्रशंसापत्र से परे, आधुनिक जगत में मसीहियों को वास्तविकता का सामना करना है। पौलुस, पतरस और यीशु के अद्‌भुत कामों के समान अद्‌भुत काम आज ऐसे ही नहीं होते हैं। घटनाएँ जो नियम से असामान्य या भिन्न होती हैं उन्हें "अद्‌भुत कामों" के रूप में देखा नहीं जा सकता है।

समाप्ति नोट्स

[1]मेमनाइड्स (अथवा "रामबाम," "रबिनु मोशे बेन मेमन" के लिए एक परिवर्णी शब्द) *मिश्नेह तोरह।* [2]डेविड ई. औने, *प्रोफेसी इन अर्ली क्रिस्चियैनिटी एंड द एनसिएंट मेडिट्रेनियन वर्ल्ड* (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: डब्ल्यूएम्. बी. अड्सर्समैन पब्लिशिंग को.,1983), 20-21. [3]कार्ल. आर होल्लैड़े ने कहा कि पौलुस ने साधारण तौर अपनी शिक्षाओं के चित्रण और अपने सम्बोधनों में बल डालने के लिए अपने ही उदाहरण का इस्तेमाल किया। (कार्ल. आर. होल्लैड़े, "1 कोरिन्थियन्स 13: पॉल एज एपोस्टोलिक पैराडिम," इन *ग्रीक्स, रोमन्स, एंड क्रिश्चियन्स: एस्सेस इन ऑनर ऑफ़ अब्राहम मेल्हेर्बे,* एड. डेविड एल. बालश, एवेरेंट फ़र्गुसन, एंड वेन ए. मिक्स [मिनियापोलिस: फ़ोर्टरेस प्रेस, 1990], 98). [4]इग्नेसियस *लैटर टू द इफिसियंस* 4; *लैटर टू द फिलेदेल्फियन्स* 1. [5]विलियम हैरिस,

"साउंडिंग ब्रास' एंड हेल्लेनेस्टिक टेक्नोलॉजी," *बिबिलिक्ल अर्कियोलॉजिकल रिव्यू* 8 (जनवरी-फरवरी 1982): 38-41. [6]जॉन स्टोट, *द कन्टेम्पररी क्रिस्चियन* (डाउनर्स ग्रोव, इल.: इंटरवर्सिटी प्रेस, 1992). 148. [7]यद्यपि ये शब्द विभिन्न रूपों में, दोनों क्रिया καίω (*केओ*, "जलाने के लिए") से ही हैं; उनके अर्थ में कोई उल्लेखनीय अंतर नहीं है। [8]हेनरी ड्रमंड, *द ग्रेटेस्ट थिंग इन द वर्ल्ड* (वेस्टवुड, एन.जे.: फ्लेमिंग एच, रेवेल को. एन.डी), 23-24. [9]डी. ए. कार्सन, *शोइंग द स्पीरिट: अ थियोलॉजिकल एक्सपोजीशन ऑफ़ 1 कोरिन्थियन्स 12-14* (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: बेकर बुक हाऊस, 1987) 61. [10]जेम्स डी. जी. डन, *द थियोलॉजी ऑफ़ पॉल द अपोस्ल* (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: डब्ल्यू. एम. बी. अर्डमन्स पब्लिशिंग को., 1998), 675.

[11]वाक्यांश ἐν αἰνίγματι (*एन ऐनिगमाती*, "एक पहेली के रूप में") केवल नया नियम में ही पाया जाता है। [12]याकूब 1:25 में "सर्वसिद्ध" (τέλειος, *तेलीओस)* के लिए एक ही शब्द का उपयोग किया गया है।